भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4319
(दिनांक 13.12.2019 को उत्तर देने के लिए)

एआईआर और दूरदर्शन में जनशक्ति संपरीक्षा

4319. श्री सी॰ लालरोसांगाः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रसार भारती ने आकाशवाणी और दूरदर्शन में जनशक्ति संपरीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) कार्यक्रम संवर्ग इंजीनियरिंग संवर्ग और प्रशासनिक संवर्ग में स्टॉफ/कर्मियों का अनुपात कितना है और प्रत्येक तीन संवर्गों में इस समय कितना स्टॉफ/कर्मी कार्य कर रहे हैं?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क): प्रसार भारती ने प्रसार भारती के कार्मिक लेखा-परीक्षा का कार्य करने के लिए मैसर्स अर्नेस्ट एंड यंग एलएलपी (ईएंडवाई एलएलपी) के साथ उपबंध किया है। मैसर्स ई एंड वाई एलएलपी द्‌वारा कार्मिकशक्ति लेखा-परीक्षा पर रिपोर्ट प्रसार भारती को प्रस्तुत की गई है।

(ख): 02.12.2019 की स्थिति के अनुसार प्रसार भारती में कार्यरत तीन संवर्गों में प्रत्येक में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों की संख्या सहित कार्यक्रम संवर्ग, इंजीनियरिंग संवर्ग और प्रशासनिक संवर्ग में कर्मचारियों/अधिकारियों का अनुपात (प्रतिशत में) में निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**संवर्ग**	**कुल संख्या**	**अनुपात (प्रतिशत में)**
i	प्रशासनिक	7753	31.7
ii	इंजीनियरिंग	12820	52.4
iii	कार्यक्रम	3891	15.9
	कुल	24464	

*****